तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि-

# कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार 10 मई 2026



13 मवेशियों के लिए गाय गौठान में न चारा है न ...





14 गौ तस्करी की आशंका से क्षेत्र में तनाव ग्रामीण...











## खबर संक्षेप

### जनरेटर खराब होने से नेटवर्क सर्विस ठप

**दुर्गुकोंदल।** ग्राम पंचायत जेठेगांव में स्थित जीईओ मोबाइल टावर पिछले एक सप्ताह से खराब पड़ा हुआ है, जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



ग्रामीणों का कहना है कि टावर में लगा जनरेटर लंबे समय से खराब है और बिजली गुल होते ही नेटवर्क पूरी तरह बंद हो जाता है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और कंपनी प्रबंधन से शीघ्र टावर सुधार कार्य कराने तथा नियमित नेटवर्क सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि लोगों को डिजिटल सेवाओं का लाभ सुचारू रूप से मिल सके।

### जहर खाकर युवती ने की आत्महत्या

**कांकर।** थाना कांकेर अंतर्गत टिकरापारा कांकेर निवासी 19 वर्षीय दुर्गा वाल्मिकी पिता संतू राम का इलाज के दौरान 7 जनवरी को मौत हो गया। रायुपर के निजी अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतिका ने चूहा मारने के दवाई का सेवन किया था, जिसके कारण मृतिका की तबियत बिगड़ गई थी व इलाज के दौरान मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### देशी शराब के साथ कोचिया गिरफ्तार



**कांकेर।** चारामा पुलिस को मुखबिर से 8 मई को जानकारी मिला कि ग्राम जामबाहर निवासी चन्द्रहास सिन्हा अपने पुराने मकान में अवैध रूप से बिक्री करने के उद्देश्य से शराब छिपाकर रखा हुआ है। पुलिस ने आरोपी जामबाहर निवासी 38 वर्षीय चन्द्रहास सिन्हा पिता मेहतर राम सिन्हा के कब्जे से एक प्लास्टिक कैरेट में रखी 15 नग अंग्रेजी बियर एवं दूसरे कैरेट में रखी 44 पौवा देशी शराब बरामद की गई। पुलिस द्वारा कुल 17.670 लीटर शराब, जिसकी अनुमानित कीमत 6 हजार 730 रुपएं बताई गई। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### संभागीय लेखापाल के साथ विभागीय अमला पहुँचा थाने, दर्ज कराई एफआईआर


# अधिकारी से मारपीट की, आरोपी ठेकेदार पर भानुप्रतापपुर थाने में अंततः अपराध कायम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

खबर का असर

भानुप्रतापपुर में लोकनिर्माण विभाग के संभागीय लेखापाल के साथ ठेकेदार नवीन अग्रवाल पिता कन्हैया अग्रवाल ने घर में घुसकर गाली-गलौच, तमाचा जड़ने और घर के सामने बाहर लात मारने की हरकत सीसीटवी कैमरे में कैद हो गई। विभाग के लोग जब उसके साथ खड़े होने पर दहशत में दो दिन से जी रहे संभागीय लेखापाल की शिकायत करने भानुप्रतापपुर थाना पहुँचे और ठेकेदार पर अपराध दर्ज किया गया। ठेकेदार ने भी पुलिस थाना में आवेदन देकर अधिकारी पर पैसा माँगने का आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार कर्मचारी कॉलोनी भानुप्रतापपुर निवासी सूरज कुमार जो कार्यपालन अभियंता लोकनिर्माण विभाग कार्यालय भानुप्रतापपुर में विगत तीन वर्षों से संभागीय लेखापाल के पद पर कार्यरत हैं। उन्होने भानुप्रतापपुर पुलिस को बताया कि मैं संभागीय लेखापाल के पद पर पदस्थ हूँ और मेरा मूल कार्यालय प्रधान महालेखाकार छत्तीसगढ़ रायपुर है। शिकायत में संभागीय लेखापाल ने बताया कि 7 मई 2026 की सुबह लगभग साढ़े 11 बजे फर्म कन्हैया लाल अग्रवाल के प्रोजेक्ट मैनेजर प्रदीप कुमार वर्मा उनके कार्यालय पहुंचे और अंतागढ़-नारायणपुर मार्ग के तृतीय चल देयक के भुगतान की बात करने लगे। इस पर उन्होंने बताया कि संबंधित टीप पत्रक 6 मई को ही कार्यपालन अभियंता के समक्ष प्रस्तुत किया जा चुका है तथा अंतिम स्वीकृति और भुगतान का अधिकार कार्यपालन अभियंता के पास है। इसके बाद मैं दोपहर करीब 2:18 बजे जब वे भोजन कर अपने निवास कर्मचारी कॉलोनी से कार्यालय लौटने की तैयारी कर रहे थे, तभी प्रदीप वर्मा ने आकर बताया कि उनके मालिक नवीन अग्रवाल नीचे बुला रहे हैं। सद्भावना में वे नीचे मिलने पहुंचे, जहां कथित रूप से नवीन अग्रवाल ने आते ही बिल भुगतान को लेकर आक्रोश व्यक्त किया और धक्का देते हुए उनके कनपटी पर थप्पड़ मार दिया। घटना के बाद खुद को मानसिक रूप से भयभीत और असुरक्षित महसूस करने की बात कहते हुए संभागीय लेखापाल ने पुलिस को बताया कि उसी दिन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने की स्थिति में नहीं थे। उन्होंने कहा कि घटना के बाद उनके दाहिने कनपटी में दर्द और झनझनाहट बनी हुई है।





ठेकेदार ने पीडब्ल्यूडी एकाउंटेंट को थप्पड़ मारा, लात भी चलाई

#### कर्मचारियों में भारी आक्रोश, कार्रवाई की माँग

ठेकेदार द्वारा अधिकारी से मारपीट किए जाने की घटना को लेकर शासकीय कर्मचारियों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि यदि किसी अधिकारी द्वारा ठेकेदार से पैसे की मांग की जा रही थी, तो इसकी शिकायत संबंधित विभाग एवं पुलिस प्रशासन से की जानी चाहिए थी। कानून को अपने हाथ में लेकर अधिकारी के साथ मारपीट करना किसी भी स्थिति में उचित नहीं है। घटना के विरोध में कर्मचारियों ने बैठक कर आरोपी ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। कर्मचारियों का कहना है कि आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

**ठेकेदार की होगी जिम्मेदारी :** संभागीय लेखापाल ने पुलिस को सीसीटीवी कैमरे में कैद समस्त दस्तावेज पुलिस को सौंप दिया और पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा है कि भविष्य में उनके या उनके परिवार के साथ किसी भी अप्रिय घटना की पूरी जिम्मेदारी संबंधित ठेकेदार की होने की बात कही है।

**ठेकेदार के खिलाफ दर्ज हुआ मामला :** भानुप्रतापपुर थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख ने बताया कि संभागीय लेखापाल सूरज कुमार अपने विभाग के साथियों के साथ थाना में आवेदन लेकर पहुँचे थे और उनकी शिकायत पर धारा 115 (2), 296, 332 (सी), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए जाँच शुरू किया गया है। मेडिकल रिपोर्ट मिलने के उपरांत धाराएं और भी बढ़ सकती है।

#### काटकर रख दूंगा, विभाग में लगा दूंगा आग

संभागीय लेखापाल ने आरोप लगाया कि विरोध करने पर ठेकेदार ने गुंडई दिखाते हुए जातीय और क्षेत्रीय टिप्पणी करते हुए कहा कि तुम बिहार के हो, यहां तुम्हारी दादागिरी नहीं चलेगी, मैं तुम्हें काटकर रख दूंगा। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि आरोपी ने कार्यपालन अभियंता को फोन कर विभाग को आग लगाने तक की धमकी दी।

#### जाँघ पर मारी लात, अपमानित करने दी धमकी

संभागीय लेखापाल के अनुसार आरोपी ठेकेदार जबरन अपने साथ कार्यालय ले जाने का दबाव बनाने लगा। मैने जब जाने से इनकार किया और कहा कि भुगतान संबंधी निर्णय कार्यपालन अभियंता के स्तर पर होगा, तब आरोपी और अधिक भड़क गया। संभागीय लेखापाल ने उनको बताया कि उन्होंने बिल में शासन एवं ईएनसी कार्यालय के निर्देशों से संबंधित आपत्तियों की जानकारी दी, जिस पर ठेकेदार ने कथित रूप से उनकी जांघ पर लात मार दी और सार्वजनिक रूप से अपमानित करने की धमकी दी।

## व्यापारी पुत्र को दी धमकी और की मारपीट, थाने में रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

भानुप्रतापपुर में एक व्यापारी परिवार के युवक के साथ कथित मारपीट और धमकी का मामला सामने आया है। मामले में पीड़ित पक्ष ने थाना पहुंचकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार शांतिलाल भंसाली ने भानुप्रतापपुर थाना में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि उनका हार्डवेयर व्यवसाय है और उनका परिवार संबलपुर में निवास करता है। आवेदन में उन्होंने आरोप लगाया है कि 7 मई की रात करीब 9 बजे उनका पुत्र श्रेयांश भंसाली अपने चाचा सुनील भंसाली के साथ तराशा होटल के पास गया हुआ था। इसी दौरान वहां पहुंचे राजू सोनी ने कथित रूप से युवक के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौच की और जान से मारने की धमकी दी। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि आरोपी ने




हाथ-मुक्कों से मारपीट की तथा गला दबाने का प्रयास किया, जिससे युवक के गले और बांये गाल में चोट आई। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि आरोपी ने परिवार को लेकर भी आपत्तिजनक बातें कहीं और पूरे खानदान को देख लेने की धमकी दी। घटना के प्रत्यक्षदर्शी के रूप में श्रेया भंसाली और सुनील भंसाली के नाम भी आवेदन में शामिल किए गए है। घटना के बाद व्यापारी परिवार ने थाना पहुंचकर आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस ने आवेदन प्राप्त होने की पुष्टि करते हुए आरोपी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2), बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए जाँच शुरू कर दिया है और जल्द ही आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## कापसी पीव्ही 130 मोड़ पर हादसा साइट इंजीनियर की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

पखांजुर थाना क्षेत्र के कापसी पीव्ही 130 मोड़ के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। फिलहाल युवक का इलाज रायपुर के अस्पताल में जारी है। घटना के बाद क्षेत्र में सड़क सुरक्षा और लापरवाह वाहन चालकों को लेकर चिंता बढ़ गई है।

जानकारी के अनुसार ग्राम संम्बलपुर निवासी गोकुल यादव ने थाना पखांजुर में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उनका 25 वर्षीय पुत्र यशवंत यादव एसआर कंस्ट्रक्शन कंपनी में साइट इंजीनियर के पद पर कार्यरत है। मंगलवार 21 अप्रैल की शाम करीब 6 से 7 बजे के बीच यशवंत अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीडब्ल्यू 5281 से काम खत्म कर घर लौट रहा था। इसी दौरान कापसी पीव्ही 130 के टर्निंग के पास पेट्रोल पंप के समीप सामने से आ रही कार क्रमांक सीजी 19 बीव्ही 8468 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि यशवंत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल उसे सिविल अस्पताल पखांजुर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया। वर्तमान में घायल युवक का इलाज रायपुर स्थित अस्पताल में चल रहा है, जहां उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है।


⏭ शेष पेज 12 पर




## नया बस स्टैंड क्षेत्र में 30.73 लाख के विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

■ जनता को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

नगर कांकेर को आधुनिक, व्यवस्थित और सुविधायुक्त शहर बनाने की दिशा में कांकेर में विकास कार्यों की रफ्तार लगातार तेज होती जा रही है। विधायक आशाराम नेताम और नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक की पहल पर शुक्रवार को नया बस स्टैंड डोम के पीछे विभिन्न निर्माण कार्यों का विधि-विधान से भूमि पूजन किया गया। करीब 30.73 लाख रुपए की लागत से होने वाले इन विकास कार्यों से शहरवासियों को बेहतर सड़क और नाली जैसी मूलभूत सुविधाएं मिलेंगी।



भूमि पूजन कार्यक्रम में विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि नगर के हर वार्ड तक विकास पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के समन्वय से कांकेर तेजी से विकास की ओर अग्रसर है। शहर की बढ़ती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सड़क, नाली और अन्य आधारभूत सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधा मिल सके। नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक ने बताया कि परिषद लगातार जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दे रही है। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 16 एवं 17 में न्यू बस स्टैंड से मछली मार्केट और दुकानों तक आरसीसी नाली निर्माण, न्यू बस स्टैंड कॉम्प्लेक्स से डोम शीट तक सीसी रोड निर्माण तथा मछली मार्केट के पास सीसी रोड निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से क्षेत्र में जल निकासी


⏭ शेष पेज 12 पर


### व्यक्ति मूलक योजनाओं के लाभ से वंचित लोगों का चिन्हांकन

# सीईओ और एसडीएम मोटरसाइकिल पर पहुंचे और मुजालगोंदी में नीम पेड़ के नीचे लगाई चौपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

दुर्गम पहाड़ियों को पार कर जब प्रशासन गांव तक पहुंचा, तो ग्रामीणों के चेहरे पर भरोसे की नई मुस्कान दिखाई दी। जिले के दूरस्थ आश्रित ग्राम मुंजालगोंदी में शुक्रवार को ऐसा ही दृश्य देखने को मिला, जब जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी और एसडीएम अरुण वर्मा मोटरसाइकिल से कठिन पहाड़ी रास्तों को पार करते हुए गांव पहुंचे और नीम के पेड़ के नीचे चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं।

कांकेर जिला में सुशासन तिहार, बस्तर मुन्ने और नियद नेल्लानार 2.0 अभियान के तहत प्रशासन लगातार गांव-गांव पहुंचकर लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहा है। इसी कड़ी में कांकेर विकासखंड की ग्राम पंचायत मूरागांव के आश्रित ग्राम मुंजालगोंदी में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। पहाड़ी क्षेत्र में बसे इस गांव तक पहुंचने के लिए अधिकारियों ने करीब दो किलोमीटर का दुर्गम सफर मोटरसाइकिल से तय किया। गांव पहुंचने पर अधिकारियों ने किसी औपचारिक मंच के बजाय नीम के पेड़ के नीचे जमीन पर बैठकर चौपाल लगाई और ग्रामीणों से सीधे संवाद किया। चौपाल के दौरान ग्रामीणों से विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली गई और 31 व्यक्तिमूलक योजनाओं के लाभ से वंचित लोगों की पहचान की गई। जांच में सामने आया कि गांव के सभी पात्र लोगों का जॉब कार्ड बन चुका है, लेकिन 27 ग्रामीणों के आयुष्मान कार्ड अब तक नहीं बने हैं। इस पर स्वास्थ्य विभाग के अमले को तत्काल कार्ड बनाने के निर्देश दिए गए। शिविर में राजस्व विभाग द्वारा 09 किसानों को बी-1 और खसरा की प्रतियां निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। वहीं एक परिवार द्वारा राशन कार्ड और एक व्यक्ति द्वारा आधार कार्ड बनवाने के लिए आवेदन दिया गया, जिस पर अधिकारियों ने शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। इसके अलावा 07 किसानों को किसान सम्मान निधि योजना के लिए चिन्हित किया गया तथा जिन किसानों के किसान क्रेडिट कार्ड नहीं बने हैं, उनके केसीसी बनाने की प्रक्रिया शुरू करने कहा गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ अश्विनी यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।





#### टंकी बनी, परंतु नहीं मिल पा रहा पानी

ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन के तहत बनी पानी टंकी के बावजूद नल कनेक्शन शुरू नहीं होने की समस्या भी अधिकारियों के सामने रखी। इस पर जिला पंचायत सीईओ ने संबंधित विभाग पीएचई के अमले को जल्द से जल्द नल कनेक्शन प्रारंभ कराने के निर्देश दिए।

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर गढिया पहाड़ पर 11 से विविध कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

■ भगवान शिव के दर्शन, श्रृंगार, पूजन एवं रूद्राभिषेक का पुण्य लाभ मिलेगा

भगवान शिव की अनन्य भक्ति, हजार वर्षों की सांस्कृतिक चेतना और सनातन आस्था के अद्भुत संगम का साक्षी कांकेर बनने जा रहा है। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत 11 मई को गुजरात के विश्वप्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर में आयोजित होने वाले विशेष राष्ट्रीय शिखर कार्यक्रम की गूंज अब छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक शिवालयों तक पहुंचेगी। इसी कड़ी में कांकेर के मेलाभाठा मैदान स्थित शिव मंदिर परिसर में भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।

सोमवार 11 मई को आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक वातावरण के बीच भगवान शिव के दर्शन, श्रृंगार, पूजन एवं रूद्राभिषेक का पुण्य लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में अतिथियों की विशेष उपस्थिति रहेगी, वहीं शिवालयों की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्ता पर परिचर्चा


⏭ शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप



### तेंदूपत्ता संग्रहण ने पकड़ी रफ्तार 10 हजार मानक बोरे की खरीदी

**जगदलपुर।** बस्तर जिले में तेंदूपत्ता संग्रहण और खरीदी का कार्य तेजी के साथ हो रहा है। जिला लघु वनोपज यूनियन ने निर्धारित लक्ष्य की तुलना में उपलब्धि हासिल कर ली है। इस वर्ष के लिए कुल 21,800 मानक बोरा तेंदूपत्ता खरीदी का लक्ष्य था जिसके विरुद्ध अब तक 10,704.716 मानक बोरा की खरीदी कर चुका है। जिले भर में 241 फड़ों और 15 प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समितियों को सक्रिय किया गया है जो ग्रामीणों और संग्राहकों से जुड़कर कार्य कर रही हैं। सुरक्षित भंडारण का कार्य भी प्रगति पर है ताकि उपज की गुणवत्ता बनी रहे। वहीं दूसरी ओर संग्राहकों की आर्थिक सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए उनके पारिश्रमिक का ऑनलाइन भुगतान किया जा रहा है। वनमंडलाधिकारी एवं प्रबंध संचालक ने इस संबंध में कहा है कि जिले में तेंदूपत्ता खरीदी का कार्य अभी बंद नहीं हुआ है। विभाग का यह प्रयास है कि संग्राहकों के हितों का पूर्ण ध्यान रखा जाए इसीलिए यदि फड़ों पर अच्छी गुणवत्ता और मानक स्तर के तेंदूपत्ते लाए जाते हैं तो उनकी खरीदी नियमानुसार सतत जारी रहेगी। प्रशासन ने क्षेत्र के सभी संग्राहकों से यह अपील की है कि वे वनों से केवल उच्च गुणवत्ता वाले पत्तों का ही चयन करें और उन्हें निर्धारित फड़ों पर विक्रय हेतु लेकर आएं।

### बेलौदी स्कूल के शिक्षक को हटाने की मांग

**धमतरी।** मगरलोड विकासखंड के ग्राम बेलौदी उच्चतर माध्यमिक शाला के शिक्षक की शिकायत हुई है। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष उमेंदराम साहू, रिपुसुदन साहू, घनश्याम साहू, गिरेश साहू ने कलेक्टर के नाम आवेदन सौंप कर कहा है कि बेलौदी उमावि में अंग्रेजी व्याख्याता के रूप में शिक्षक पदस्थ हैं।

# नेशनल लोक अदालत में पुराना विवाद खत्म, पक्षकारों को पौधों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय कोंडागांव में आयोजित नेशनल लोक अदालत में एक पांच वर्ष पुराने आपराधिक प्रकरण का सौहार्दपूर्ण निराकरण किया गया। खास बात यह रही कि समझौते के बाद दोनों पक्षों को पौधे भेंट कर आपसी भाईचारे, पर्यावरण संरक्षण और सकारात्मक जीवन का संदेश दिया गया। प्रकरण के सफल निराकरण के बाद न्यायालय द्वारा दोनों पक्षों को पौधे भेंट किए गए। खंडपीठ क्रमांक–03 के पीठासीन अधिकारी, सदस्य एवं अधिवक्ताओं ने पौध वितरण कर यह संदेश दिया कि जैसे पौधे प्रेम, शांति और सकारात्मकता का प्रतीक होते हैं, वैसे ही समाज में सौहार्द और भाईचारे का वातावरण बनाए रखना आवश्यक है। पौध वितरण ने नेशनल लोक अदालत के इस आयोजन को विशेष और प्रेरणादायक बना दिया। उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि न्याय के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना एक सराहनीय प्रयास है। नेशनल लोक अदालत के माध्यम से लंबे समय से लंबित मामलों का त्वरित, सरल और आपसी सहमति से निराकरण किया जा रहा है। इससे न केवल न्यायालयों में लंबित मामलों का बोझ कम होता है, बल्कि समाज में आपसी संबंध भी मजबूत होते हैं। कोंडागांव में हुआ यह समझौता और पौध वितरण कार्यक्रम न्याय, सौहार्द और पर्यावरण संरक्षण का अनूठा उदाहरण बनकर सामने आया।

## राजीनामे के साथ हरियाली और सौहार्द्र का संदेश

### वर्ष 2022 का मामला आपसी सहमति से हुआ समाप्त

माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कोंडागांव के न्यायालय में लंबित आपराधिक प्रकरण क्रमांक 887/2022 "छत्तीसगढ़ शासन विरुद्ध सुभाशिष दास" में आरोपी पर प्रार्थी एवं उसके पिता के साथ शराब के नशे में सार्वजनिक स्थान पर अश्लील गाली–गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप था। प्रार्थी द्वारा थाना फरसगांव में वर्ष 2022 में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, जिसके आधार पर आरोपी के खिलाफ न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया था। मामला पिछले पांच वर्षोंं से लंबित था और साक्ष्य के स्तर पर विचाराधीन था।



### समझाइश से पिघली नाराजगी आरोपी ने मांगी माफी

नेशनल लोक अदालत के दौरान खंडपीठ क्रमांक–03 के पीठासीन अधिकारी, सदस्य एवं अधिवक्ताओं द्वारा दोनों पक्षों को बुलाकर प्री–सिटिंग के माध्यम से समझाइश दी गई। पक्षकारों को प्रकरण के संभावित परिणामों से अवगत कराया गया। समझाइश के बाद आरोपी ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए प्रार्थी और उसके पिता से क्षमा मांगी तथा भविष्य में दोबारा विवाद न करने का संकल्प लिया। इसके बाद दोनों पक्ष आपसी सहमति से राजीनामे के लिए तैयार हो गए।

विधायक लता उसेण्डी के प्रयासों का प्रतिफल हैं विकास कार्य

# चिलपुटी को 10 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात, विधायक ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेण्डी ने शनिवार को ग्राम चिलपुटी पहुंचकर क्षेत्रवासियों को लगभग 9 करोड़ 83 लाख रुपये की लागत के 32 विकास कार्योंर् की सौगात दी। इस दौरान उन्होंने विभिन्न निर्माण कार्योंर् का भूमिपूजन एवं लोकार्पण कर ग्रामीण विकास को नई दिशा देने की बात कही।

कार्यक्रम के दौरान विधायक लता उसेण्डी ने ग्राम चिलपुटी के 12 मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति–पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज और क्षेत्र के विकास का सबसे मजबूत आधार है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना–4 अंतर्गत दो बड़ी सड़क परियोजनाओं का भूमिपूजन किया गया। ग्राम चिपावण्ड से फुकागिरोला रोड आरडी 3.40 किलोमीटर से मरवाबेड़ा तक 5.20 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य, लागत 524 लाख रुपये। पलारी–माकड़ी रोड आरडी 5 किलोमीटर से देवडोबरा तक 2.10 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य, लागत 210 लाख रुपये। इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रें में आवागमन आसान होगा तथा शिक्षा, स्वास्थ्य और बाजार तक पहुंच बेहतर होगी। विधायक ने ग्राम पंचायत चिलपुटी में चौतु घर से मानसिंग घर तक 500 मीटर लंबे ग्राम गौरव पथ का लोकार्पण भी किया। इस कार्य की लागत 42.31 लाख रुपये बताई गई। विधायक लता उसेण्डी द्वारा विभिन्न ग्रामों में देवगुड़ी निर्माण, रंगमंच, सांस्कृतिक भवन, सामुदायिक भवन, नाली, पुलिया, सीसी रोड, डिजिटल सुविधा केंद्र और स्वास्थ्य केंद्र निर्माण जैसे अनेक कार्योंर् का भूमिपूजन किया गया। इनमें प्रमुख रूप से मसोरा में डीएमएम क्लस्टर भवन, गिरोला में रंगमंच निर्माण, सातगांव में मानस गान मैदान शेड, पलारी में व्यावसायिक परिसर, सिंगनपुर में उप स्वास्थ्य केंद्र भवन, बड़ेसिलाटी में सामुदायिक भवन कुम्हारी और लेमडी में सीसी सड़क निर्माण जैसे अनेक कार्य शामिल हैं। इस अवसर पर दीपेश अरोरा, जितेन्द्र सुराना, जनपद सदस्य लालमति देवांगन, चन्दन साहू, मिनु कोर्राम, धन्जु मरकाम, अशोक शार्दुल, महेन्द्र पाण्डे, रामलाल सलाम, दिलीप दीवान, जगन्नाथ मानिकपुरी, तुजलु पटेल, पुनिदास मानिकपुरी, आसमन नेताम, हरि देवांगन, मोहन राम नेताम, रिषभ देवांगन, श्रीमती भुनेश्वरी सोरी, लम्पी भोयर, मैनि मरकाम, लखन नेताम सहित विभिन्न गांवों के सरपंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। चिलपुटी में विकास कार्योंर् की यह सौगात ग्रामीण क्षेत्र के लिए नई संभावनाओं और विकास की मजबूत नींव मानी जा रही है।



### ग्रामीण क्षेत्रें का समग्र विकास हमारी प्राथमिकता : लता उसेण्डी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक लता उसेण्डी ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रें में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और समग्र विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्योंर् के पूर्ण होने से ग्रामीणों को बेहतर सड़क, स्वास्थ्य, सांस्कृतिक और डिजिटल सुविधाएं मिलेंगी तथा गांवों का सामाजिक एवं आर्थिक विकास तेज होगा।

# प्रधानमंत्री आवास योजना से बदली जिंदगी, मगनलाल के परिवार को मिला पक्का घर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



■ बरसात में टपकती छत से अब सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन तक का सफर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का असर अब ग्रामीण क्षेत्रें में स्पष्ट दिखाई देने लगा है। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण गरीब परिवारों के जीवन में नई उम्मीद और स्थिरता लेकर आ रही है। जिले के ग्राम बहीगांव निवासी मगनलाल गौर का परिवार इसका जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया है।

### कच्चे मकान में गुजरते थे मुश्किल दिन

मगनलाल गौर पहले अपने परिवार के साथ एक जर्जर कच्चे मकान में रहते थे। हर बारिश के मौसम में उनके परिवार को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। मकान की खपरैल बार–बार टूट जाती थी और बारिश का पानी घर के भीतर टपकता रहता था। ऐसे हालात में परिवार को असुरक्षा और चिंता के बीच जीवन बिताना पड़ता था।

### प्रधानमंत्री आवास योजना बनी उम्मीद की किरण

वर्ष 2024 में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत मगनलाल गौर के आवास को स्वी—ति मिली। शासन की ओर से मकान निर्माण के लिए 1 लाख 20 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। इस राशि में स्वयं की थोड़ी बचत जोड़कर उन्होंने अपना पक्का मकान तैयार किया। आज उनका परिवार सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण में जीवन व्यतीत कर रहा है। पक्के घर ने न केवल उनके जीवन को स्थिरता दी है, बल्कि आत्मविश्वास और सामाजिक सम्मान भी बढ़ाया है।

### घर के साथ मिली अन्य सुविधाएं भी

मगनलाल के परिवार को केवल आवास ही नहीं, बल्कि अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ भी मिला है। उन्हें स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय, उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन, तथा घर में बिजली कनेक्शन की सुविधा भी प्रदान की गई है। इन सुविधाओं से परिवार का जीवन पहले की तुलना में काफी बेहतर और सुविधाजनक हो गया है।

### प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार

मगनलाल गौर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह योजना ग्रामीण गरीब परिवारों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से आज गांवों में गरीब परिवारों का पक्के घर का सपना साकार हो रहा है और लोगों के जीवन में वास्तविक परिवर्तन दिखाई दे रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना आज कोंडागांव सहित ग्रामीण भारत में हजारों परिवारों के जीवन में सुरक्षा, सम्मान और खुशहाली का नया अध्याय लिख रही है।

# शहर में बनेगा मल्टी यूटिलिटी सेंटर और मॉडल उप पंजीयक कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



■ विधायक लता उसेण्डी ने 191 लाख रुपये के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेण्डी ने शुक्रवार को शहरवासियों को बड़ी विकासात्मक सौगात देते हुए 191.41 लाख रुपये की लागत से बनने वाले दो महत्वपूर्ण निर्माण कार्योंर् का भूमिपूजन किया। इनमें 120 लाख रुपये की लागत से बनने वाला आधुनिक मल्टी यूटिलिटी सेंटर तथा 71.41 लाख रुपये की लागत से बनने वाला मॉडल उप पंजीयक कार्यालय शामिल है।

भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुश्री लता उसेण्डी ने कहा कि किसी भी शहर और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए पर्याप्त संसाधन और मजबूत आधारभूत संरचना आवश्यक होती है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन कोंडागांव जिले में नागरिक सुविधाओं के विस्तार और विकास कार्योंर् को गति देने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित मल्टी यूटिलिटी सेंटर सामाजिक, सांस्—तिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा, जिससे शहरवासियों को अनेक सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकेंगी। विधायक लता उसेण्डी ने कहा कि कोंडागांव शहर के सुनियोजित और सुव्यवस्थित विकास के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई है। आने वाले समय में नागरिक सुविधाओं का और अधिक विस्तार किया जाएगा तथा शहर को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ने की दिशा में लगातार कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप कोंडागांव में बेहतर आधारभूत संरचना तैयार कर आम नागरिकों को सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है।

### कलेक्टर ने दिए गुणवत्तापूर्ण निर्माण के निर्देश

कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने निर्माण एजेंसियों और अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किए जा रहे हैं और समय सीमा में निर्माण पूरा करना आवश्यक है। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष नरपति पटेल, मनोज जैन, दीपेश अरोरा, जितेंद्र सुराना, पार्षद संजय श्रीवास्तव, श्रीमती ईना श्रीवास्तव, श्रीमती लक्ष्मी ध्रुव, श्रीमती ननकी वैष्णव, टिंकू साहू, अश्वनी पांडे, एसडीएम अजय उरांव, तहसीलदार मनोज रावटे, हाउसिंग बोर्ड के कार्यपालन अभियंता शिवम सोनी सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। विधायक लता उसेण्डी की पहल से कोंडागांव शहर में आधुनिक सुविधाओं के विस्तार को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# सुशासन तिहार में मत्स्य पालकों को मिला जाल

कोण्डागांव। सुशासन तिहार अंतर्गत जिले में आम नागरिकों की समस्याओं और मांगों के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से विभिन्न ग्रामों में जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ गांव गांव तक पहुंचाया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड केशकाल के ग्राम बहीगांव में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की मौजूदगी में विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को योजनाओं के तहत सामग्री वितरित की गई। शिविर के दौरान मत्स्यपालन विभाग द्वारा विभागीय योजना अंतर्गत ग्राम तराईबेड़ा के कृषक रामदयाल नेताम, ग्राम



देवतरा के सोमनाथ नेताम तथा ग्राम फरसहीह के धनराज नेताम को मछली पकड़ने के लिए जाल प्रदान किए गए। हितग्राही मत्स्य पालकों ने शासन–प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मछली पकड़ने का जाल मिलने से उन्हें मत्स्य पालन कार्य को बेहतर ढंग से आगे बढ़ाने में सहायता मिलेगी तथा उनकी आय में भी वृद्धि होगी।

# जनगणना कार्यों के निरीक्षण के लिए अफसर पहुंचे ब्लाकों में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जनगणना 2027 के अंतर्गत जिले में संचालित जनगणना कार्योंर् के प्रभावी क्रियान्वयन एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अधिकारियों ने विभिन्न गणना ब्लॉकों का निरीक्षण किया। जनगणना निदेशालय की ओर से नोडल अधिकारी संतोष मेढ़े, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी देवेंद्र शोरी तथा सभी चार्ज अधिकारियों ने जिले के अलग–अलग क्षेत्रें का भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने फील्ड में कार्यरत प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों से चर्चा कर जनगणना कार्योंर् की प्रगति की समीक्षा की। नोडल अधिकारी श्री मेढे ने जनगणना कार्य को सुव्यवस्थित, समयबद्ध एवं त्रुटिरहित ढंग से पूरा करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया। फील्ड कार्य के दौरान सामने आ रही समस्याओं का अधिकारियों द्वारा मौके पर ही निराकरण किया गया। अधिकारियों ने कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिससे विकास योजनाओं के निर्माण एवं क्रियान्वयन के लिए जरूरी आंकड़े प्राप्त होते हैं। सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को निर्धारित दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए।

नियमित सफाई करने के दिए निर्देश

# सुलभ शौचालय के आसपास गंदगी देख भड़के महापौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



नया बस स्टैण्ड स्थित सार्वजनिक सुलभ शौचालयों का महापौर संजय पाण्डे ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान शौचालय परिसर एवं उसके आसपास फैली गंदगी को देखकर नाराजगी जताई और सुलभ शौचालय के संचालक को सख्त समझाइश दी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सार्वजनिक उपयोग के इन स्थानों पर नियमित साफ-सफाई, स्वच्छ वातावरण एवं बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने मौजूद लोगों को जागरूक करते कहा कि सुलभ शौचालयों में मूत्रालय का उपयोग निःशुल्क है तथा किसी भी व्यक्ति से इसके लिए राशि नहीं ली जानी चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सार्वजनिक स्थानों पर यूरिन करने के बजाय शौचालयों एवं मूत्रालयों का उपयोग करें, जिससे स्वच्छता बेहतर बनी रहे। महापौर ने अधिकारियों एवं सफाई कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नया बस स्टैण्ड जैसे अत्यधिक भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में नियमित मॉनिटरिंग की जाए। साफ-सफाई में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि सभी सुलभ शौचालयों में लगाए जाने वाले फ्लैक्स एवं सूचना बोर्ड पर मूत्रालय उपयोग निःशुल्क है का उल्लेख बड़े एवं स्पष्ट अक्षरों में किया जाए। अनावश्यक शुल्क वसूली जैसी शिकायतें न आएं।

राजस्व प्रकरणों का सर्वाधिक निपटारा, बिजली बिल, बैंक रिकवरी में भी मिली सफलता

# लोक अदालत में 43,407 प्रकरण निपटे व 2.57 करोड़ का अवार्ड पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिला न्यायालय परिसर कोण्डागांव में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 43,407 प्रकरणों का सुलह–समाधान से निराकरण किया गया तथा 2,57,23,206 रुपए का अवार्ड पारित हुआ।

नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के माननीय न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने वर्चुअल माध्यम से किया। इसके बाद जिला न्यायालय परिसर कोण्डागांव में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश खिलावन राम रिगरी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। लोक अदालत के सफल संचालन के लिए कोण्डागांव, केशकाल, नारायणपुर तथा राजस्व न्यायालयों में कुल 8 खण्डपीठों का गठन किया गया। नेशनल लोक अदालत में आपसी समझौते से राजीनामा योग्य मामलों, समरी प्रकरणों, बैंक रिकवरी, बिजली बिल, नगर पालिका, दूरसंचार, बीमा कंपनी एवं अन्य प्रीलिटिगेशन मामलों का निराकरण किया गया। मोटर दुर्घटना दावा के 18 प्रकरणों का निराकरण कर 2,05,15,000 रुपए की राशि प्रदान की गई। चेक बाउंस के 5 प्रकरण निराकृत हुए, जिनमें 7,33,348 रुपए की राशि प्राप्त हुई। ट्रैफिक चालान के कुल 1615 प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिनसे 1,78,200 रुपए प्राप्त हुए।



### राजस्व मामलों का बड़ा समाधान

राजस्व प्रकरणों के कुल 37,331 मामलों का निराकरण कर बड़ी सफलता हासिल की गई। बैंक रिकवरी के 1237 तथा बिजली बिल के 1953 मामलों का समाधान किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला चिकित्सालय कोण्डागांव की टीम द्वारा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया, जिसमें पक्षकारों का बीपी, शुगर जांच कर दवाइयों का वितरण किया गया।

### पौधे भेंट कर किया सम्मान

समाधान प्राप्त करने वाले पक्षकारों को काजू, जामुन, आंवला और नींबू के पौधे भेंट कर सम्मानित किया गया। न्याय के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश इस पहल का उद्देश्य न्याय प्रदान करने के साथ–साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा देना रहा।

## पेज 11 के शेष

### नया बस स्टैंड ...

व्यवस्था बेहतर होगी और आवागमन सुगम बनेगा। नगर पालिका उपाध्यक्ष उत्तम यादव ने कहा कि ये निर्माण कार्य स्थानीय लोगों के लिए बड़ी सौगात साबित होंगे। लंबे समय से क्षेत्रवासियों द्वारा सड़क और नाली निर्माण की मांग की जा रही थी, जिसे अब पूरा किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि विकास कार्यों के पूर्ण होने से पूरे क्षेत्र की तस्वीर बदल जाएगी।

आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष महेश जैन, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, राजा देवनानी, राजीव लोचन सिंह, बृजमोहन तिवारी, मंडल अध्यक्ष दिनेश रजक, संजय सिन्हा और सपन श्रीवास्तव, पार्षद ओमप्रकाश देवांगन, अजय सिंह रेनू, आनंद चौरसिया, चंद्रलोक सिंह ठाकुर, चित्ररेखा जैन, मीरा सलाम, उगेश्वरी ऊके और मंजू सारथी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी पवन कुमार मेरिया, उप अभियंता पूजा सार्वा, स्वच्छता प्रभारी वीरेंद्र लोनहारे सहित नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहें।

### कापसी पीव्ही 130...

घटना के बाद पीड़ित पिता गोकुल यादव ने आरोपी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के आधार पर पखांजुर पुलिस ने कार चालक के विरुद्ध धारा 125 (ए) एवं 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### सोमनाथ स्वाभिमान पर्व...

, संगोष्ठी और सभा का आयोजन भी किया जाएगा। इसके साथ ही सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और सामूहिक महाआरती कार्यक्रम को और अधिक भक्तिमय बनाएंगी। आयोजन का मुख्य आकर्षण गुजरात के सोमनाथ मंदिर में होने वाले राष्ट्रीय शिखर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण रहेगा, जिसे बड़ी संख्या में श्रद्धालु एक साथ देख सकेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य केवल धार्मिक आस्था को प्रबल करना ही नहीं, बल्कि भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत और शिव परंपरा के गौरव को जन-जन तक पहुंचाना भी है। स्थानीय प्रशासन एवं आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम को भव्य स्वरूप देने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। श्रद्धालुओं में आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है और माना जा रहा है कि यह आयोजन कांकेर में आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक एकता का नया संदेश देगा।

## खबर संक्षेप

### 112 करो डायल और तुरन्त पाओ राहत

**सुकमा।** पुलिस अधीक्षक सुकमा किरण चव्हाण ने आमजन को त्वरित एवं प्रभावी पुलिस सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए थाना कोतवाली सुकमा क्षेत्र अंतर्गत डायल 112 आपातकालीन सेवा प्रारम्भ कर दी गई है। इस सेवा के प्रारम्भ होने से नागरिकों को किसी भी आपात स्थिति में शीघ्र पुलिस सहायता उपलब्ध हो सकेगी। डायल 112 सेवा के माध्यम से सड़क दुर्घटना, मारपीट, विवाद, संदिग्ध गतिविधि, महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अपराध, आपातकालीन सहायता तथा कानून व्यवस्था से जुड़ी अन्य घटनाओं में तत्काल पुलिस प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जाएगी। इससे पुलिस एवं आमजन के मध्य समन्वय और अधिक सशक्त होगा तथा घटनाओं पर त्वरित नियंत्रण स्थापित करने में सहायता मिलेगी। जिला पुलिस द्वारा बताया गया कि आगामी समय में इस सुविधा का विस्तार अन्य महत्वपूर्ण थाना क्षेत्रों में भी किया जाएगा, जिससे जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में निवासरत नागरिकों को भी त्वरित पुलिस सहायता का लाभ प्राप्त हो सके। कोतवाली प्रभारी राजपूत ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि किसी भी आपातकालीन परिस्थिति में बिना संकोच डायल 112 सेवा का उपयोग करें तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

### मुस्लिम सामूहिक विवाह आज

**जगदलपुर।** बस्तर मुस्लिम डेव्हलपमेंट सोसायटी एवं संगम उर्स कमेटी द्वारा मुस्लिम इज्तेमाई निकाह 10 मई को सुबह 10 बजे से होगा। बताया गया कि अंजुमन जमान खाना में निकाह के दौरान जमात के लोगों सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

### काकरवाड़ा पंचायत में लोकार्पण के बाद बदहाल स्थिति में है गौठान

# मवेशियों के लिए गाय गौठान में न चारा है न पानी










सुरेश रावल ▶▶| जगदलपुर

ग्राउंड रिपोर्ट

शासन की योजनाओं को लागू करने में जिस तेजी से अधिकारी काम को अमलीजामा पहनाते हैं वहीं सरकार बदलते ही योजाना का हश्र बरबादी के रूप में पड़ा रह जाता है। भूपेश सरकार के समय तत्कालिन प्रभारी मंत्री डॉ प्रेमसाय टेकाम और विधायक रहे रेखचंद जैन ने ग्राम पंचायत काकरवाड़ा में गौठान निर्माण कार्य का लोकार्पण किया था। उस दौरान जनपद पंचायत जगदलपुर के अध्यक्ष पदलाम नाग उस दौरान मौजूद थे जो संयोग से आज भी जनपद अध्यक्ष है। हरिभूमि ने शनिवार को काकरवाड़ा में गौठान योजना का जायजा लिया। जहां आसपास झूलसती गर्मी में बड़ी संख्या में घांस चरते गाय दिखाई पड़े लेकिन जिस उद्देश्य के लिए गौठान निर्माण किया गया था उसका लाभ मवेशियों को नहीं मिल रहा है। मौके पर न चारा है न पानी बल्कि लाखों खर्च कर तैयार किया गया गौठान का शेड, सौर उर्जा का प्लेट और पानी के लिए लगे पाइप पड़े हुए हैं। रख रखाव के अभाव में सारे निर्माण कार्य जर्जर हालत में है। शेड के सीमेंट सीट हवा पानी में टूट फूट कर उड़ गए हैं। पूरे परिसर में घांस और झाड़ियां उग आई है। मुख्यमार्ग पर स्थित इस गौठान का निर्माण अगस्त 2019 में किया गया था। लगभग 7 साल होने को है इस योजना की सुध लेने न कोई जनप्रतिनिधि और न ही कोई अधिकारी वहां पहुंचे है। योजना की हालत देखकर लग रहा है कि पंच, सरपंच और स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों को भी अब इस योजना को देखने की फुर्सत नही है। सरकार बदलते ही ग्रामीण क्षेत्र की यह महत्वाकांक्षी योजना दम तोड़ चुकी है। लोकार्पण की पट्टिका पर जनप्रतिनिधियों के नाम अंकित है। जिनमें उस समय के विधायक रेखचंद जैन अब पूर्व जनप्रतिनिधि हो चुके हैं। जनपद अध्यक्ष पदलाम नाग और जिला पंचायत सदस्य निलिमा टीवी रवि दुबारा निर्वाचित होकर फिर से पदों में है लेकिन सरकार बदलने के कारण अब इस योजना को दुरस्थ करने के लिए न अधिकारी रूचि दिखा रहे हैं और न ही जनप्रतिनिधि। कुल मिलाकर मवेशी योजना स्थल गौठान के आसपास मंडरा कर ठप पड़ी बदहाली को देखकर गुजर जाते हैं। निरीक्षण के समय आसपास एक भी ग्रामीण नजर नहीं आया। गर्मी के कारण मुख्य मार्ग और गौठान के समीप इक्के दुक्के गुजरते वाहनों के अलावा कोई भी व्यक्ति या जिम्मेदार प्रतिनिधि दिखाई नहीं पड़ा।

- **भूपेश सरकार के समय प्रभारी मंत्री ने दी थी सौगात**

#### शुरू करने का प्रयास करेंगे

ग्रामीण क्षेत्र में मवेशियों को चारा पानी मिल सके इसके लिए इस गौठान योजना को शुरू करने का प्रयास करेंगे। पंचायत में अलाटमेंट आने पर इस पर काम होगा। इस संबंध में काकरवाड़ा के सरपंच, सचिव और जनपद सीईओ से चर्चा कर निर्णय लेंगे।

-पदलाम नाग,
अध्यक्ष जनपद पंचायत जगदलपुर

# उत्सव में कायस्थ समाज का होगा महासंगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




स्थानीय कायस्थ समाज जगदलपुर द्वारा भगवान चित्रगुप्त प्राकट्य उत्सव का आयोजन 10 मई को शहर के सिविल लाइन लालबाग चित्रांश भवन में किया जाएगा। इस आयोजन में जगदलपुर सहित आसपास के जिलों और कस्बों में निवासरत कायस्थ समाज के सदस्य बड़ी संख्या में शामिल होंगे। समाज के लोगों में आयोजन को लेकर उत्साह का माहौल बना हुआ है। कायस्थ समाज से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतिवर्ष वैशाख शुक्ल गंगा सप्तमी के अवसर पर कायस्थ समाज अपने इष्टदेव भगवान चित्रगुप्त का प्राकट्य उत्सव धूमधाम से मनाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान चित्रगुप्त भगवान ब्रह्मा के सत्रहवें पुत्र माने जाते हैं और उन्हें न्याय तथा कर्म लेखा का देवता माना जाता है। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान चित्रगुप्त के अभिषेक, पूजन, हवन और महाआरती से होगी। समाज के सभी सदस्य सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना में शामिल होंगे। इसके बाद दिनभर महिलाओं और बच्चों के लिए विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर संजय पांडे करेंगे, जबकि नगर निगम सभापति खेम सिंह देवांगन विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। संध्या सात बजे मुख्य अतिथियों के आगमन एवं स्वागत के बाद सामाजिक सभा आयोजित होगी। अतिथियों के उद्बोधन के पश्चात समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित कर पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। अंत में सामाजिक भोज का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल होंगे।

- **भगवान चित्रगुप्त प्राकट्य उत्सव आज**

#### चित्रगुप्त की होगी भव्य शोभायात्रा

उत्सव में शहर के विभिन्न मार्गों से भगवान चित्रगुप्त की भव्य शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। शाम को भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें कलाकार भजनों के माध्यम से भगवान चित्रगुप्त की स्तुति प्रस्तुत करेंगे।

# शिल्पी ने मनाई गुरु रवींद्रनाथ ठाकुर की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





शिल्पी सांस्कृतिक संस्था ने विश्व कवि गुरु रवींद्रनाथ ठाकुर की 165वीं जयंती हर्ष और उल्लास के साथ भाभा आईटीआई के बगीचे में प्राकृतिक सौंदर्य के बीच मनाया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत में संस्था के वरिष्ठ सदस्य नीलिमा विश्वास, दुलाल घोष, अनूप बाकची एवं भवतोष विश्वास ने दीप प्रज्वलित किया। समूह गीत, एकल गीत, कविता, नृत्य एवं रविंद्र नाथ टैगोर की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में कलाकार प्रतिमा राय चौधरी, इंद्राणी नंदी, निवेदिता राय चौधरी, श्वेता विश्वास, सीमा बाकची, अंजोना सरकार, दृशान चक्रवर्ती, हरि माधव दास, जतिन राय चौधरी, कु कनिष्का चक्रवर्ती, कु परथोबी देवनाथ, देवेश्वर साहा ने भाग लिया। स्वागत जतिन राय चौधरी एवं धन्यवाद ज्ञापन संजय जायसवाल ने किया। मंच संचालन एवं रविंद्र नाथ की जीवनी की जानकारी संस्था के संस्थापक सदस्य सुबीर नंदी ने दी। कार्यक्रम में नगर के विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि और पतंजलि योग पीठ के प्रांत प्रभारी डॉ मनोज पाणिग्रही उपस्थित थे। प्रातः 7 से 10 बजे तक कार्यक्रम चला। शिल्पी की गतिविधियों से प्रभावित होकर देवव्रत बडाल, प्रतिमा राय चौधरी, गीता विश्वास एवं अनुपमा साहा के संस्था से जुड़ने पर पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। शिल्पी के अर्चना दास, पिंकी चक्रवर्ती, मृणाल मल्लिक और शांतनु नाग का कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा।

# महिला सशक्तीकरण व स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की दिखी नई मिसाल

## रेड क्रॉस दिवस पर शिविर का महिलाओं ने उठाया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर शुक्रवार को शासकीय जिला महारानी अस्पताल में महिला सशक्तिकरण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की एक नई मिसाल देखने को मिली।

महामहिम राज्यपाल के निर्देश और जिला प्रशासन बस्तर के कुशल मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय द्वारा एक विशेष महिला स्वास्थ्य जांच एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उन्हें गंभीर बीमारियों के प्रति न केवल जागरूक करना था, बल्कि उनके द्वार तक प्रारंभिक जांच और विशेषज्ञ उपचार की सुविधा उपलब्ध कराना भी रहा।

- **चिकित्सा जगत की आधुनिक सुविधाएं एक ही छत के नीचे नजर आईं**

शिविर के दौरान अस्पताल परिसर में चिकित्सा जगत की आधुनिक सुविधाएं एक ही छत के नीचे नजर आईं, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में महिलाओं की कैंसर स्क्रीनिंग, स्त्री रोग संबंधी जटिल परीक्षण और सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई। चिकित्सकों ने उपस्थित महिलाओं को परामर्श देते हुए इस बात पर विशेष बल दिया कि बीमारियों का समय पर पता चलना ही उनके सफल उपचार की पहली सीढ़ी है। कार्यक्रम में सांसद महेश कश्यप, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष दिनेश कश्यप, महापौर संजय पांडेय, नगर निगम की स्वास्थ्य समिति के सभापति लक्ष्मण झा विशेष रूप से शामिल रहे। इन सभी अतिथियों ने जिला चिकित्सालय के प्रयासों की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि नियमित स्वास्थ्य परीक्षण ही एक स्वस्थ परिवार और सशक्त समाज का आधार है। इस महत्वपूर्ण स्वास्थ्य अभियान के सफल संचालन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक और सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद सहित अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सकों, स्टाफ नर्सों और स्वास्थ्य विभाग के मैदानी कर्मचारियों की सराहनीय भूमिका रही। शिविर के दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी इस बात का प्रमाण रही कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य के प्रति चेतना का विस्तार हो रहा है। कार्यक्रम के समापन पर जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की ओर से यह विश्वास दिलाया गया कि जनहित को ध्यान में रखते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के विशेष शिविरों का आयोजन सतत रूप से जारी रखा जाएगा, ताकि बस्तर की हर महिला को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ हो सकें।

### शिक्षक ने उच्चतम न्यायालय में लगाया केवियट



**जगदलपुर।** छग विधिक सेवा समिति की बैठक शहीद पार्क में प्रांतीय उपाध्यक्ष गोपेन्द्र शार्दुल की अध्यक्षता व प्रांतीय महासचिव सूरज निर्मलकर, संभागीय अध्यक्ष केदारनाथ शर्मा के मार्गदर्शन में हुई। प्रांतीय उपाध्यक्ष ने कहा कि छग उच्च न्यायालय कि खण्डपीठ द्वारा राज्य सरकार की अपील खारिज किये जाने के बाद अब यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक ले जाने शिक्षक विधिक सेवा समिति के प्रांतीय अध्यक्ष शिक्षक राजेन्द्र प्रसाद पटेल ने इस निर्णय के खिलाफ संभावित विशेष अनुमति याचिका कि आशंका को देखते हुए उच्चतम न्यायालय में केवियट दर्ज करा दी हैं। जिससे शिक्षकों में पूर्व सेवा गणना और पेंशन हित लाभ प्राप्ति कि आशा जगी हैं। इस हेतु संगठन ने समस्त शिक्षकों से पटेल को तन मन धन से सहयोग करने अपील की है। बैठक में आभार प्रदर्शन जिला सचिव फूल सिंह बघेल ने किया। इस दौरान बलिराम, लोकेश नाग, निर्मल यादव, संतोष झा, हरेंद्र ठाकर, सोनवानी, बलराम कच्छ, जितेंद्र पांडे, जयराम मौर्य, चेदरू बघेल व सातों ब्लॉक से शिक्षक उपस्थित रहे।

# एनजीटी के नियमों की अनदेखी कर हो रही टेलिंग्स डंपिंग: तुलिका कर्मा

## पर्यावरण व ग्रामीणों की जिंदगी से हो रहा खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जिले में आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील प्लांट से निकलने वाले टेलिंग्स (औद्योगिक ठोस अपशिष्ट) को खुले में डंपिंग किया जा रहा है। दंतेवाड़ा से लगे पातररास क्षेत्र में स्कूल के पास और मुख्य सड़क किनारे ही बड़ी मात्रा में टेलिंग्स डंप किया जा रहा है। बिना अनुमति और पर्यावरणीय नियमों की अनदेखी करते हुए यह कार्य किया जा रहा है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों, स्कूली बच्चों और पर्यावरण पर गंभीर असर पड़ रहा है।

- **खनिज विभाग की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल**

स्थानीय लोगों के अनुसार टेलिंग्स को खुलेआम सड़क किनारे और आबादी क्षेत्र के समीप डाला जा रहा है। डंपिंग के कारण पूरे इलाके में धूल का गुबार उड़ रहा है, जिससे लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है। सबसे ज्यादा चिंता स्कूल के आसपास डंपिंग को लेकर जताई जा रही है, क्योंकि इससे बच्चों के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि भारी वाहनों की लगातार आवाजाही से सड़क भी खराब हो रही है और दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि डंपिंग के लिए इलाके में बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई की गई है। हरे-भरे पेड़ों को हटाकर टेलिंग्स फैलाया जा रहा है, जिससे पर्यावरणीय संतुलन प्रभावित हो रहा है। एक तरफ सरकार पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने की बात करती है, वहीं दूसरी तरफ खुलेआम पेड़ों की कटाई कर नियमों की अनदेखी की जा रही है। इस मामले को लेकर आज जिला पंचायत सदस्य एवं महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव तुलिका कर्मा ने मौके पर पहुंचकर डंपिंग स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूल के पास और सड़क किनारे फैले टेलिंग्स को देखकर गहरी नाराजगी जाहिर की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि लंबे समय से क्षेत्र में यह कार्य चल रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभागों की ओर से कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। तुलिका कर्मा ने कहा कि एनजीटी और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर किस अनुमति के आधार पर आबादी क्षेत्र और स्कूल के पास टेलिंग्स डंप किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य और ग्रामीणों के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने खनिज विभाग की कार्यप्रणाली पर भी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि विभाग की जिम्मेदारी खनिज गतिविधियों की निगरानी करना है, लेकिन इसके बावजूद नियमों का उल्लंघन लगातार जारी है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग की लापरवाही के कारण ही कंपनियां मनमानी कर रही हैं। यदि समय रहते निगरानी और कार्रवाई होती तो ऐसी स्थिति निर्मित नहीं होती। तुलिका कर्मा ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, अवैध डंपिंग पर तत्काल रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को हुए नुकसान का आकलन कराया जाना चाहिए और जिन स्थानों पर पेड़ों की कटाई हुई है वहां पुनः वृक्षारोपण कराया जाए।

उन्होंने कहा कि इस मामले को विधानसभा में भी उठाया जाएगा साथ ही अगर खनिज विभाग द्वारा कार्रवाई नहीं हुई तो ग्रामीणों के साथ मिलकर आंदोलन भी किया जाएगा।

## ग्रामीणों व बच्चों में किया जरूरत के सामान का वितरण

# मारूड़बाका पहुंच पुलिस ने ग्रामीणों से किया संवाद, सुनी समस्या, किया समाधान

हरिभूमि न्यूजः जगदलपुर



बीजापुर जिले के उसूर थाना क्षेत्र स्थित ग्राम मारूड़बाका पहुंचकर पुलिस ने ग्रामीणों के साथ संवाद कर उनकी समस्या सुनी और निराकरण के लिए आश्वस्त किया। मारूड़बाका में बीजापुर पुलिस द्वारा सिविक एक्शन कार्यक्रम एवं चलित थाना का आयोजन किया गया था।

कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा मौके पर ही समस्याओं का त्वरित निराकरण किया। ग्रामीणों को बताया गया कि नक्सलियों द्वारा वर्षों तक क्षेत्र के विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न कर ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा गया तथा अवैध लेवी वसूली कर अपने स्वार्थों की पूर्ति की गई। वर्तमान में क्षेत्र में नक्सल उन्मूलन के बाद शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे ग्रामीणों तक पहुंच रहा है।

अधिकारियों द्वारा युवाओं को शिक्षा, खेल एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से उज्ज्वल भविष्य निर्माण के लिए प्रेरित किया गया। ग्रामीणों से आग्रह किया गया कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल एवं आंगनबाड़ी भेजें जहां बच्चों के लिए शिक्षा के साथ-साथ भोजन एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

ग्रामीणों को यह भी समझाइश दी गई कि वे किसी भी प्रकार से नक्सलवाद के बहकावे में न आएं तथा मुख्यधारा में लौटे पुनर्वासित माओवादियों द्वारा सम्मानपूर्वक रोजगारमूलक जीवनयापन किए जाने की जानकारी साझा की गई। साथ ही अपील की गई कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा व्यक्ति की सूचना तत्काल नजदीकी थाना, सुरक्षा कैम्प या वरिष्ठ अधिकारियों को दें। कार्यक्रम के दौरान एएसपी रविंद्र कुमार मीणा, एसडीओपी आवापल्ली तिलेश्वर प्रसाद यादव, थाना प्रभारी उसूर व आवापल्ली के अलावा अधिकारी, कर्मचारी व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### इलाज के दौरान युवक ने तोड़ा दम

**कांकेर।** भानुप्रतपपुर थानांतर्गत पिचेकट्टा निवासी 23 वर्षीय किशन लाल गावड़े पिता जगत राम को सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से चोट आई थी, जिसे इलाज के लिए रायपुर के अस्पताल में भर्ती किया गया था। चोट गंभीर होने के कारण इलाज के दौरान उसका 28 फरवरी को मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### इलाज के दौरान युवक की मौत

**कांकर।** थाना कांकेर अंतर्गत ग्राम बागोड़ लारगांव मरकाटोला निवासी आयुष कोर्राम पिता कार्तिक राम का 19 मार्च को इलाज के दौरान मौत हो गया। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो था, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### बुजुर्ग की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** सरोना थानांतर्गत डवरखार निवासी 65 वर्षीय धनाजी नेताम पिता स्व. उपासू राम का इलाज के दौरान 9 फरवरी को रायुपर के डीकेएस अस्पताल में मौत हो गया। मिली जानकारी अनुसार मृतक सड़क दुर्घटना में घायल हुआ था। चोट गंभीर होने के कारण उसे रायपुर के अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां इलाज के दौरान उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### सुशासन तिहार में खिला जनकल्याण का रंग

**बीजापुर।** ग्राम पंचायत ईटपाल में सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में एकीकृत बाल विकास परियोजना, बीजापुर द्वारा विभागीय योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए आकर्षक स्टॉल लगाया गया।

# लैब व डिजिटल क्लास संचालन के लिए शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

अलग खबर



समग्र शिक्षा रायपुर के निर्देशानुसार एवं डिजी दुनिया प्रोजेक्ट छत्तीसगढ़ के अंतर्गत आईसीटी लैब एवं डिजिटल क्लास रूम से युक्त विद्यालयों के शिक्षकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चारामा में 04 मई 2026 से 09 मई तक किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक डेमन साहू द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को विद्यालयों में उपलब्ध आईसीटी लैब एवं डिजिटल क्लास रूम उपकरणों के प्रभावी उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने बताया कि किस प्रकार डिजिटल माध्यमों के जरिए विद्यार्थियों को आधुनिक एवं रोचक तरीके से शिक्षा प्रदान की जा सकती है। कार्यक्रम में शिक्षकों को पाठ्यक्रम आधारित एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर, लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम तथा प्रोजेक्टर के माध्यम से विषय आधारित अध्यापन की तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही ऑनलाइन प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम के जरिए हार्डवेयर संबंधी शिकायत दर्ज करने एवं समाधान प्रक्रिया की जानकारी भी साझा की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम के में संस्था के प्राचार्य विष्णु सेन, भानुशंकर नागराज, सुक्खू राम सिन्हा एवं गुल्लू दास वाधवानी का योगदान रहा।

## एनसीईआरटी की अवधारणा पर समर कैंप का आयोजन

**कांकेर।** जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा विद्यार्थियों के शैक्षणिक उन्नयन एवं भविष्य निर्माण को ध्यान में रखते हुए मिनी समर कैंप 2026 आयोजित करने की अभिनव पहल की गई है। यह कैंप पूर्णतः पालकों की सहमति से संचालित किया जाएगा तथा प्रातः 7 बजे से 10:30 बजे तक आयोजित किया जा सकेगा। कैंप में केवल भाषाई दक्षता पर ही नहीं, बल्कि कक्षा 9 वीं से 12वीं तक प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसलिंग, विषयगत मार्गदर्शन, बोर्ड परीक्षा तैयारी, प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति प्रारंभिक जागरूकता, व्यक्तित्व विकास एवं अध्ययन कौशल उन्नयन जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियां भी शामिल की गई हैं।

### मावलीपारा ओवरब्रिज के पास मृत बैल फेंक भागे तस्कर, ग्रामीणों में उबाल

# गौ तस्करी की आशंका से क्षेत्र में तनाव ग्रामीण संदिग्ध गतिविधियों से चिंतित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही



क्षेत्र में लगातार बढ़ रही संदिग्ध गतिविधियों और कथित गौ तस्करी की घटनाओं ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। गुरुवार सुबह मावलीपारा-बासनवाही मार्ग स्थित भारतमाला परियोजना के ओवरब्रिज के पास एक अज्ञात पिकअप वाहन से मृत बैल फेंककर तस्करों के फरार होने की घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर आक्रोश जताया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह-सुबह सालेटोला की ओर से तेज रफ्तार में एक संदिग्ध पिकअप वाहन आया। ओवरब्रिज के समीप वाहन कुछ देर के लिए रुका, जिसके बाद उसमें सवार लोगों ने वाहन में लदे मृत बैल को सड़क किनारे फेंक दिया और तुरंत वाहन मोड़कर मौके से फरार हो गए। पूरी घटना इतनी तेजी से हुई कि आसपास मौजूद लोग वाहन का नंबर तक नहीं देख सके। घटना के बाद ग्रामीणों ने आशंका जताई कि अवैध रूप से मवेशियों की तस्करी के दौरान क्रूरतापूर्वक परिवहन किए जाने से बैल की मौत हुई होगी। इसके बाद सबूत मिटाने और पुलिस कार्रवाई से बचने के उद्देश्य से शव को सुनसान इलाके में फेंक दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ महीनों से क्षेत्र में देर रात और तड़के संदिग्ध वाहनों की आवाजाही बढ़ गई है, जिससे ग्रामीणों में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। घटना के बाद पूरे इलाके में चर्चा और नाराजगी का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों को अब प्रशासन की त्वरित कार्रवाई और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत किए जाने का इंतजार है।

**वाहनों के नियमित जाँच की उठी माँग**

ग्रामीणों ने प्रशासन और पुलिस विभाग से मावलीपारा-बासनवाही मार्ग पर नियमित वाहन जांच अभियान चलाने, रात एवं सुबह के समय पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने तथा गौ तस्करी में शामिल आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस तरह की घटनाओं पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो क्षेत्र में कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ सकती है।

## सड़क सुरक्षा में गोयल ग्रुप की पहल पर पुलिस को मिली बड़ी सहायता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

सामाजिक उत्तरदायित्वों के निर्वहन में सदैव अग्रणी रहने वाले गोयल ग्रुप ने एक बार फिर जनहित में सराहनीय पहल की है। गोयल ग्रुप के हाहालद्दी माइंस प्रबंधन द्वारा सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए थाना दुर्गुकोंदल को 6 नग बैरिकेड्स प्रदान किए गए। इन बैरिकेड्स का उपयोग कस्बे में तेज रफ्तार से गुजरने वाले वाहनों की गति नियंत्रित करने के लिए किया जाएगा, जिससे संभावित सड़क दुर्घटनाओं में कमी आने की उम्मीद जताई जा रही है।

गोयल ग्रुप द्वारा ग्राम हाहालद्दी में लौह अयस्क खदान संचालित की जा रही है। कंपनी का प्रबंधन पिछले कई वर्षों से अपने आसपास के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाता आ रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क सुरक्षा और सामुदायिक विकास जैसे क्षेत्रों में कंपनी द्वारा समय-समय पर सहयोग प्रदान किया जाता रहा है। इसी कड़ी में सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए माइंस प्रबंधन ने थाना दुर्गुकोंदल को बैरिकेड्स उपलब्ध कराए हैं। इन बैरिकेड्स की सहायता से पुलिस विभाग बाजार क्षेत्र एवं मुख्य मार्गों पर तेज गति से चलने वाले वाहनों की रफ्तार को नियंत्रित कर सकेगा।

थाना प्रभारी प्रहलाद यादव ने गोयल ग्रुप द्वारा किए गए इस सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि कंपनी की यह पहल सड़क दुर्घटनाओं में अंकुश लगाने के लिए बेहद उपयोगी साबित होगी। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन को इस प्रकार का सहयोग मिलने से यातायात व्यवस्था को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित किया जा सकेगा। गोयल ग्रुप की ओर से रवि तिवारी और अतुल जैन ने बैरिकेड्स थाना प्रशासन को सौंपे।

## पैसे के विवाद पर बड़े ने छोटे भाई पर किया जानलेवा हमला लोहे की पिन से किया हमला



**कांकेर।** चारामा थाना क्षेत्र के नाकापारा में रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। मामूली पैसों के विवाद ने ऐसा उग्र रूप ले लिया कि बड़े भाई ने अपने ही छोटे भाई पर लोहे की टोचन पिन से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार नाकापारा निवासी ईश्वरलाल सोनकर शुक्रवार रात करीब साढ़े नौ बजे घर में बैठकर खाना खा रहा था। इसी दौरान उसका बड़ा भाई संदीप सोनकर वहां पहुंचा और मां से पैसे मांगने की बात को लेकर विवाद करने लगा। देखते ही देखते दोनों भाइयों के बीच कहासुनी बढ़ गई और संदीप सोनकर ने अपना आपा खो दिया।

पीड़ित ईश्वरलाल सोनकर ने पुलिस को बताया कि आरोपी भाई ने पहले गाली-गलौज शुरू की, फिर अचानक हाथ-मुक्कों से उसके चेहरे और मुंह पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इतना ही नहीं, पास में रखी लोहे की टोचन पिन उठाकर उसके शरीर पर कई वार किए। हमले में ईश्वरलाल के बाएं कंधे, कोहनी और पीठ पर गंभीर चोटें आईं। मारपीट के दौरान उसकी नाक और कोहनी से खून बहने लगा तथा वह दर्द से कराह उठा। घटना के बाद घायल युवक ने चारामा थाना पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी संदीप सोनकर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115 (2) एवं 296 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस मामले की विवेचना में जुटी हुई है।

## युवक पर चाकू से जानलेवा हमला तीन भाइयों पर दर्ज हुआ मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



आपसी विवाद को लेकर मारपीट और चाकूबाजी की एक गंभीर घटना सामने आई है। शहर कांकेर के एमजी वार्ड बीती रात करीबन साढ़े 10 बजे पड़ोस में रहने वाले तीन भाइयों ने जानलेवा हमला किया। घटना उस समय शुरू हुई जब पीड़ित रात का खाना खाकर सो रहा था और उसकी मां ने उसे जगाकर बताया कि पड़ोसी मोहित ढीमर उसकी बहन ज्योति साहू को गालियां दे रहा है और पत्थर मार रहा है। थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे एमजी वार्ड कांकेर निवासी श्रवण साहू पिता स्व. सदा राम साहू ने पुलिस को बताया कि पड़ोसी मोहित ढीमर गाली में गाली गलौज कर रहा था, गाली देने से विरोध किया, तो विवाद बढ़ गया। आरोपी मोहित ढीमर और उसके दो भाइयों, नेतराम और महेश ढीमर ने मुझे खींचकर अपने घर के आंगन में ले लिया और दरवाजा बंद कर दिया। तीनों ने मिलकर हाथ-मुक्कों और लातों से मारपीट शुरू कर दी।

## बस्तर मुन्ने कार्यक्रम में हक व अधिकार की दी जानकारी



**अंतागढ़।** बस्तर मुन्ने कार्यक्रम के तहत शिवर का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों से आए अधिकारियों ने ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं, हक-अधिकारों और सरकारी सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, पंचायत, राशन वितरण व बैंकिंग से जुड़ी योजनाओं के बारे में बताया गया और उनके सवालों का मौके पर समाधान किया गया। शिविर में ग्राम हिन्दूबिनापाल से 41 आवेदन और ग्राम सोड़े से 65 मांग पत्र प्राप्त हुए। ग्राम पंचायत की सरपंच सनबती आचला ने कहा कि बस्तर मुन्ने जैसा कार्यक्रम हमारे गांव के लिए बहुत जरूरी है। इससे ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की सही जानकारी मिलती है और हम सीधे अधिकारियों से अपनी बात रख पाते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदन पत्रों पर शासन शीघ्र स्वीकृति प्रदान करेगा। इस अवसर पर कार्यक्रम के नोडल अधिकारी, सचिव, ग्राम पंचायत के पंचगण व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने आयोजन को उपयोगी बताया और शासन-प्रशासन के इस प्रयास की सराहना किया।

## जनजातीय सलाहकार परिषद की विधायक सावित्री सदस्य मनोनीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा छत्तीसगढ़ के लिए गठित राज्य जनजातीय सलाहकार परिषद में भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी को सदस्य नियुक्त किया गया है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने के बाद क्षेत्र में खुशी की लहर है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा की गई नियुक्ति के बाद विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह जनजातीय समाज की सेवा के लिए और अधिक प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, वरिष्ठ नेता राहुल गांधी तथा आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया के मार्गदर्शन में गठित यह परिषद दूरदर्शी सोच और आदिवासी हितों के प्रति कांग्रेस की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। राज्य जनजातीय सलाहकार परिषद अनुसूचित क्षेत्रों एवं जनजातीय समाज के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक विकास के लिए प्रभावी नीतियों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। परिषद के माध्यम से आदिवासी समाज की समस्याओं, जरूरतों और अधिकारों को सरकार एवं संगठन के समक्ष मजबूती से रखा जाएगा। संविधान द्वारा प्रदत्त जनजातीय अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह परिषद एक सशक्त मंच साबित होगी। साथ ही वन अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सांस्कृतिक संरक्षण जैसे मुद्दों पर विशेष प्राथमिकता के साथ कार्य किया जाएगा।

## किसान संघ ने बाहरी हार्वेस्टरों को क्षेत्र में प्रवेश देने का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा



महानदी क्षेत्र के किसानों की प्रमुख संस्था महानदी किसान संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को ग्राम हाराडुला में आयोजित हुई। बैठक में क्षेत्रभर से पहुंचे सैकड़ों किसानों ने धान फसल, मौसम की अनिश्चितता और कटाई व्यवस्था को लेकर गंभीर चर्चा की।

किसानों ने बताया कि क्षेत्र में स्थानीय स्तर पर पर्याप्त संख्या में हार्वेस्टर मशीनें उपलब्ध नहीं हैं, जिससे समय पर धान कटाई कर पाना मुश्किल हो रहा है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए महानदी किसान संघ ने सर्वसम्मति से बड़ा निर्णय लेते हुए अन्य जिलों एवं क्षेत्रों से आने वाली बाहरी हार्वेस्टर मशीनों को महानदी क्षेत्र में प्रवेश देने और उनसे कटाई कार्य कराने की अनुमति देने का प्रस्ताव पारित किया। संघ ने स्पष्ट कहा कि किसानों के हित सर्वोपरि हैं और फसल को नुकसान से बचाने के लिए हर संभव संसाधन का उपयोग जरूरी है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि स्थानीय हार्वेस्टर संचालक एवं बाहर से आने वाले मशीन मालिक आपसी समन्वय और सहयोग के साथ कार्य करेंगे, ताकि किसानों को समय पर राहत मिल सके और अनावश्यक विवाद की स्थिति न बने।

महानदी किसान संघ ने संवैधानिक अधिकारों का हवाला देते हुए कहा कि देश का हर नागरिक कहीं भी जाकर कार्य कर सकता है। ऐसे में बाहरी मशीनों या श्रमिकों का विरोध करना उचित नहीं है। किसानों को अपनी सुविधा और आवश्यकता के अनुसार संसाधन चुनने का अधिकार है। संघ ने उम्मीद जताई कि इस निर्णय से क्षेत्र में धान कटाई का कार्य तेजी से पूरा होगा और खराब मौसम के कारण किसानों को होने वाले आर्थिक नुकसान से राहत मिलेगी।

### हिगनपुरी में ग्रामीणों ने रखीं समस्याएं

# सुशासन तिहार जनसंवाद का बड़ा मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी पहल सुशासन तिहार के तहत ग्राम पंचायत हानपतरी के आश्रित ग्राम हिगनपुरी में विशेष जनसमस्या निवारण एवं जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों की सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा ग्रामीणों की समस्याओं और मांगों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना रहा। आयोजन में ग्रामीणों का उत्साह देखते ही बन रहा था। इस अवसर पर विजय पटेल ने कहा कि सुशासन तिहार शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर शासन की योजनाओं का लाभ लेने और अपनी समस्याएं प्रशासन तक पहुंचाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने सड़क, बिजली, पेयजल, प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड, पेंशन सहित विभिन्न विकास कार्यों एवं व्यक्तिगत समस्याओं से जुड़े बड़ी संख्या में आवेदन प्रस्तुत किए। अधिकारियों ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने शासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से गांवों की समस्याएं सीधे प्रशासन तक पहुंचती हैं और समाधान की उम्मीद बढ़ती है।

**ये रहे उपस्थित**

कार्यक्रम में सरपंच शिवलाल ध्रुव, सोमनाथ गोटा, पवन पटेल, जगन्नाथ आचला, सचिव शिवप्रसाद नरेटी, शिक्षिका अहिमद पटेल, गणेशा उयके सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, ऐक्जिमा, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

